## अंधे कत्ल का खुलासा
# सगे भाई ने ही रची थी हत्या की साजिश

**नवभारत न्यूज**
**श्योपुर, 21 दिसम्बर।** विजयपुर , श्योपुर जिले के गसवानी थाना क्षेत्र में हुए अंधे कत्ल की गुत्थी को पुलिस ने कुछ ही दिनों में सुलझाकर चौंकाने वाला खुलासा किया है। जिस निर्मम हत्या ने पूरे इलाके को हिला कर रख दिया था,

### खेत के कमरे में गला काटकर की निर्मम हत्या

वह किसी बाहरी अपराधी की करतूत नहीं, बल्कि मृतक के सगे भाई द्वारा ठंडे दिमाग से रची गई सोची-समझी साजिश निकली। पुलिस ने इस मामले में दो आरोपियों को गिरफ्तार कर हत्या में प्रयुक्त धारदार हथियार भी बरामद कर लिया है। यह वारदात 16 दिसंबर 2025 की है।

ग्राम धोवनी निवासी रिंकू धाकड़ ग्वालियर से अपने गांव लौटा था। उसने अपनी पत्नी को बताया कि वह अपने बड़े भाई राजेन्द्र धाकड़ के साथ सहसराम स्थित खेत में सरसों की फसल में पानी देने जा रहा है। शाम के समय गांव के कुछ लोगों ने रिंकू को आग तापते हुए देखा, जिसके बाद वह खेत जाने की बात कहकर निकल गया। इसके बाद वह वापस नहीं लौटा।

अगले दिन जब रिंकू का मोबाइल फोन बंद मिला तो परिजनों को किसी अनहोनी की आशंका हुई। तलाश के दौरान खेत पर बने कमरे का दरवाजा टूटा हुआ मिला। जैसे ही दरवाजा खोला गया, अंदर का दृश्य रूह कंपा देने वाला था। कमरे के भीतर रिंकू का शव जमीन पर पड़ा था, गले पर धारदार हथियार से किया



गया गहरा वार, चारों ओर खून फैला हुआ था और शव को लोहे के भारी पाइप से दबाकर रखा गया था, जिससे हत्या की नृशंसता साफ झलक रही थी।मृतक के पिता पूरन धाकड़ की रिपोर्ट पर थाना गसवानी में अप.क्र. 74/25, धारा 103(1) बीएनएस के तहत मामला दर्ज कर पुलिस ने जांच शुरू की।शुरुआती दौर में यह मामला पूरी तरह अंधा कत्ल प्रतीत हो रहा था, लेकिन पुलिस ने तकनीकी साक्ष्यों, परिस्थितिजन्य प्रमाणों और गहन पूछताछ के आधार पर कड़ी से कड़ी जोड़ते हुए सच्चाई तक पहुंच बनाई।

जांच में सामने आया कि मृतक का बड़ा भाई राजेन्द्र धाकड़ (33 वर्ष) पिछले लगभग एक वर्ष से अपने ही भाई की हत्या की योजना बना रहा था। उसने खेत के कमरे में पहले से ही एक धारदार हथियार 'गडसा' छिपाकर रखा था।साजिश के तहत राजेन्द्र ने रिंकू को पानी देने के बहाने खेत पर बुलाया, वहां उसे जमकर शराब पिलाई और फिर अपने साथी रामसिंह उर्फभूरा धाकड़ (38 वर्ष) के साथ मिलकर गडसे से गला काटकर उसकी निर्मम हत्या कर दी। गसवानी पुलिस ने दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर हत्या में प्रयुक्त गडसा बरामद कर लिया है। दोनों आरोपियों को 21 दिसंबर 2025 को माननीय जेएमएफसी न्यायालय विजयपुर में पेश किया गया। इस सनसनीखेज हत्याकांड का खुलासा एसडीओपी विजयपुर राघवेन्द्र सिंह तोमर एवं थाना प्रभारी गसवानी रीना राजावत ने प्रेस कॉन्फ्रेंस में किया। उन्होंने बताया कि यह हत्या पूर्व नियोजित थी और पुलिस ने सीमित समय में तकनीकी व मानवीय साक्ष्यों के आधार पर मामले को सुलझाया।

यह सफलता पुलिस अधीक्षक श्योपुर सुधीर कुमार अग्रवाल, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक प्रवीण कुमार भूरिया के निर्देशन एवं मार्गदर्शन में मिली। पूरे मामले के खुलासे में थाना प्रभारी रीना राजावत, एएसआई नरसिंह मावड़े, प्रधान आरक्षक, आरक्षक बल एवं साइबर सेल की टीम की भूमिका सराहनीय रही। इस हत्याकांड ने न केवल इलाके को स्तब्ध कर दिया, बल्कि सगे रिश्तों को शर्मसार करने वाली सच्चाई भी सामने लाई। श्योपुर पुलिस ने एक बार फिर साबित कर दिया कि अपराध चाहे जितना भी शातिर क्यों न हो, कानून की पकड़ से बचना नामुमकिन है।



# प्रभारी सीडीपीओ ने किया आंगनबाड़ी केन्द्रों का भ्रमण

**नवभारत न्यूज**
**श्योपुर, 21 दिसम्बर।** कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट श्री वर्मा द्वारा व्यवस्थाओं को लेकर आंगनबाडी केन्द्रों के सतत् रूप से निरीक्षण किये जाने संबंधी निर्देशो के क्रम में प्रभारी सीडीपीओ कराहल श्रीमती सुषमा सोनी द्वारा कालीतलाई, स्यावडी, कैरका, आवदा स्थित आंगनबाडी केन्द्रों का निरीक्षण किया गया।

श्रीमती सुषमा सोनी ने बताया कि आंगनबाडी केन्द्रों पर बच्चों को दिये जाने वाले खाने, नाश्ते की गुणवत्ता की जांच की गई तथा बच्चों का वजन क्रॉस कर मिलान किया गया। इसके साथ ही आंगनबाडी केन्द्र पर संधारित रिकार्ड का अवलोकन किया गया। निरीक्षण के दौरान आवदा-बी, स्यावडी-ए एवं कालीतलाई आंगनबाडी केन्द्र की कार्यकर्ता अनुपस्थित पाये जाने पर कारण बताओ नोटिस जारी किये गये है।

# डीईओ ने किया विद्यालयों का निरीक्षण

**नवभारत न्यूज**
**श्योपुर, 21 दिसम्बर।** कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट श्री वर्मा द्वारा दिये गये निर्देशो के क्रम में जिला शिक्षा अधिकारी एमएल गर्ग एवं सहायक संचालक यश जैन द्वारा

### अतिरिक्त कक्षाओं का संचालन करने दिए निर्देश

शा.हाई स्कूल जावदेश्वर, शा. हाई स्कूल जैनी, शा. कन्या प्राथमिक विद्यालय जैनी, शा. प्रा. विद्यालय जैनी, एकीकृत शा. मा. वि. सेवापुर एवं एकीकृत शामावि आवनी का निरीक्षण किया गया।




जिला शिक्षा अधिकारी श्री गर्ग ने बताया कि निरीक्षण के दौरान स्कूलों में कक्षाओं का संचालन नियमित रूप से पाया गया तथा शिक्षकों की उपस्थिति संतोषजनक पाई गई। हाई स्कूल स्तर पर अध्ययनरत विद्यार्थियों को ध्यान में रखते हुए विद्यालय प्रबंधन को कक्षा 10वीं के परीक्षा परिणाम में सुधार हेतु विशेष प्रयास करने के निर्देश दिए गए, जिनमें कमजोर विद्यार्थियों की पहचान कर अतिरिक्त कक्षाओं का संचालन करने हेतु निर्देशित किया गया। निरीक्षण के दौरान एकीकृत प्राथमिक एवं माध्यमिक विद्यालयों में मध्यान्ह भोजन योजना की गुणवत्ता की जांच की गई। मध्यान्ह भोजन सामान्यतः संतोषजनक एवं मौन्यू अनुसार पाया गया, भोजन की गुणवत्ता, स्वच्छता एवं समयबद्ध वितरण सुनिश्चित करने हेतु प्रधानाध्यापकों को सतत निगरानी रखने के निर्देश दिए गए।

# ईवीएम मशीनों की रेण्डमाईजेशन प्रक्रिया आयोजित

**नवभारत न्यूज**
**श्योपुर, 21 दिसम्बर।** राज्य निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार श्योपुर जिले में त्रिस्तरीय पंचायत उप निर्वाचन अंतर्गत रिक्त पदो की निर्वाचन प्रक्रिया जारी है। इसी

### कलेक्टर की उपस्थिति में हुआ रेण्डमाईजेंशन

क्रम में आज कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री वर्मा की उपस्थिति में जिला निर्वाचन अधिकारी स्तर के प्रथम रेण्डमाईजेंशन की प्रक्रिया संपन्न हुई। एनआईसी कक्ष में आयोजित ईव्हीएम के रेण्डमाईजेंशन प्रक्रिया



के दौरान अपर कलेक्टर रूपेश उपाध्याय, उप जिला निर्वाचन अधिकारी संजय जैन सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहें।

कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री वर्मा की उपस्थिति में ईव्हीएम मशीनों के प्रथम रेण्डमाईजेंशन के माध्यम से निर्वाचन में उपयोग लाई जाने वाली मशीनों का चयन निर्वाचन आयोग के सॉफ्टवेयर के माध्यम से किया गया तथा जिला पंचायत सदस्य एवं सरपंच पदो के निर्वाचन हेतु 138 कन्ट्रोल यूनिट तथा 278 बैलेट यूनिट रिजर्व सहित आंवटित की गई।

उप जिला निर्वाचन अधिकारी संजय जैन ने बताया कि 72 मतदान केन्द्रों के लिए मशीनों का आवंटन किया गया है, जिला पंचायत सदस्य के लिए 18 पंचायतों में 67 मतदान केन्द्रों पर निर्वाचन होगा।

इसी प्रकार दो पंचायतों नागदा एवं बैचाई में सरपंच पद के लिए क्रमशः 03 और 02 मतदान केन्द्रों पर निर्वाचन की प्रक्रिया संपन्न होगी। जिला पंचायत सदस्य के लिए वार्ड क्रमांक 01 मानपुर में हो रहे उप निर्वाचन में अभ्यर्थियों की संख्या 16 होने से दो बैलेट यूनिट का उपयोग किया जायेगा।

उन्होंने बताया कि ईव्हीएम मशीनों का आरओ लेबल पर द्वितीय रेण्डमाईजेंशन 21 दिसंबर को दोपहर 12 बजे से अभ्यर्थियों की उपस्थिति में किया जायेगा।



# रेडक्रॉस पदाधिकारियों की निर्वाचन प्रक्रिया आयोजित
## प्रबंध समिति सदस्यों का चयन भी सहमति से हुआ

**नवभारत न्यूज**
**श्योपुर, 21 दिसम्बर।** कलेक्टर एवं अध्यक्ष भारतीय रेडक्रॉस सोसायटी जिला शाखा श्योपुर अर्पित वर्मा की उपस्थिति में रेडक्रॉस के पदाधिकारियों का निर्वाचन सर्वसम्मति से संपन्न हुआ। निषादराज भवन श्योपुर में आयोजित निर्वाचन प्रक्रिया के दौरान सभापति के रूप में अमित

### सर्व सम्मति से चुने गए सभापति एवं कोषाध्यक्ष

सूद एवं कोषाध्यक्ष पद पर राजेन्द्र शर्मा का निर्विरोध निर्वाचन हुआ। इसके साथ ही प्रबंध समिति के सदस्यों का चयन भी सहमति से किया गया।

निर्वाचन के लिए नियुक्त नोडल अधिकारी बीएस श्रीवास्तव के निर्देशन में निर्वाचन प्रक्रिया के दौरान सर्वप्रथम प्रबंध समिति का निर्वाचन सभी सदस्यों की सहमति से किया गया। जिसमें शशांक भूषण, दुर्गालाल विजय, महावीर सिंह सिसौदिया, अखिलेश भदौरिया, कृष्णकांत उपाध्याय, महावीर गुप्ता, प्रफुल्ल शर्मा अंकुर, गिर्राज चौधरी, ओम राठौर, नकुल जैन, चेतन खण्डेलवाल, श्रीमती निर्मला आचार्य, खेमराज दुबे, मनोज सर्राफ डॉ दीपज्ञान मीणा, अमित सूद, जुगल बंसल, राजेन्द्र शर्मा, विष्णु वाल्मिकी, सत्यनारायण शर्मा, कैलाश नारायण गुप्ता, सतीश व्यास चयनित हुए। इसके उपरांत सर्वसम्मति से सभापति पद पर अमित सूद तथा कोषाध्यक्ष पद पर राजेन्द्र शर्मा का निर्विरोध निर्वाचन हुआ।

कलेक्टर एवं अध्यक्ष भारतीय रेडक्रॉस सोसायटी जिला शाखा श्योपुर अर्पित वर्मा की ओर से उपाध्यक्ष पद पर जुगल बंसल को नामांकित किया गया। सचिव पद के लिए दिनेशराज दुबोलिया का नाम अनुमोदित किया गया।

निर्वाचन परिणामों की घोषणा के साथ ही निर्वाचित पदाधिकारियों को प्रमाण पत्र प्रदान किये गये।

# सुशासन सप्ताह अंतर्गत कराहल शिविर के माध्यम से मिला हितग्राहियों को लाभ

**नवभारत न्यूज**
**श्योपुर, 21 दिसम्बर।** कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट श्री वर्मा के मार्गदर्शन में सुशासन सप्ताह अंतर्गत प्रशासन गांव की ओर अभियान के क्रम में आज श्योपुर विकासखण्ड के ग्राम अजापुरा, कराहल विकासखण्ड के ग्राम

### अगरा, अजापुरा में भी हुआ शिविरों का आयोजन

कराहल एवं विजयपुर विकासखण्ड के ग्राम अगरा में शिविरों का आयोजन कर ग्रामीणों को विभिन्न योजनाओं में लाभ प्रदान किया गया।

जनपद पंचायत अध्यक्ष कराहल श्रीमती बत्तो बाई आदिवासी के मुख्य आतिथ्य में ग्राम कराहल में सुशासन सप्ताह अंतर्गत आयोजित शिविर के माध्यम से 20 हितग्राहियों को मौके पर ही विभिन्न योजनाओं में लाभ प्रदान किया गया। इस अवसर पर सीईओ जनपद राकेश शर्मा, सांसद प्रतिनिधि बाबू सिंह यादव, सरपंच श्रीमती उर्मिला डोभास्कर, नायब तहसीलदार नरेन्द्र जैन सहित अन्य अधिकारी, कर्मचारी उपस्थित रहें। कराहल में आयोजित शिविर के दौरान श्रीमती सामन्या आदिवासी, श्रीमती रामश्री आदिवासी, श्रीमती धनिया आदिवासी, श्रीमती गुड्डी कुशवाह, श्रीमती रामश्री आदिवासी, मुन्नी आदिवासी, श्रीमती इमरती जाटव, श्रीमती बैसकी आदिवासी को कल्याणी पेंशन योजना का लाभ प्रदान किया गया। उल्लेखनीय है कि सामाजिक न्याय विभाग के माध्यम से विधवा महिलाओं को कल्याणी पेंशन अंतर्गत 600 रूपये प्रतिमाह की राशि उपलब्ध कराई जाती है। इसी क्रम में उक्त हितग्राहियों को कल्याणी पेंशन योजना अतंर्गत लाभान्वित करने की कार्यवाही की



गई। इसी प्रकार श्रीमती रामकली कुशवाह, श्रीमती परबो कुशवाह एवं भगोली जाटव को वृद्धावस्था पेंशन प्रदान की गई। पर्वत कुशवाह को सामाजिक सुरक्षा पेंशन अंतर्गत लाभान्वित किया गया।

सुशासन सप्ताह अंतर्गत आयोजित उक्त शिविर के माध्यम से 8 बालिकाओं को लाडली लक्ष्मी योजना अंतर्गत लाभ प्रदान किया गया, जिसमें सभी सविता पुत्री शिवराज, मेघा पुत्री रामगोपाल, परी पुत्री कृष्णकांत, वंशिका पुत्री विष्णु, अन्नया पुत्री भरोसी, परी पुत्री मुकेश, निधि पुत्री जुगराज एवं लवन्या पुत्री दीपक को लाडली लक्ष्मी योजना का लाभ दिया गया।

कराहल शिविर के दौरान कुल 279 आवेदन प्राप्त हुए, जिनमें से 250 का मौके पर ही निदान किया गया। इसी क्रम में श्योपुर विकासखण्ड अंतर्गत ग्राम अजापुरा में आयोजित शिविर के दौरान 208 आवेदन प्राप्त हुए। सीईओ जनपद एसएस भटनागर की उपस्थिति में आयोजित उक्त शिविर में 185 आवेदन मौके पर ही निराकृत किये गये। शिविर के माध्यम से भगवानदास, तुलसी आदिवासी एवं बंजरग लाल जाटव को वृद्धावस्था पेंशन का लाभ दिया गया। विजयपुर विकासखण्ड के ग्राम अगरा में आयोजित शिविर में 127 आवेदन में से 96 आवेदन मौके पर ही निराकृत किये गये तथा शेष में निराकरण की समय सीमा तय की गई, शिविर के माध्यम से हितग्राहियों को विभिन्न योजनाओं में लाभान्वित किया गया तथा 8 हितग्राहियों को सार्वजनिक वितरण प्रणाली से जोडने के लिए पात्रता पर्ची प्रदान की गई।

परियोजना अधिकारी एवं अभियान की नोडल श्रीमती राजेश शर्मा ने बताया कि सीईओ जिला पंचायत सुश्री सौम्या आनंद के निर्देशन में आज लगाये गये शिविरों के दौरान कुल 614 आवेदन प्राप्त हुए, जिनमें से 531 आवेदनों का मौके पर ही निराकरण किया गया तथा शेष आवेदनो के निराकरण हेतु समय सीमा निर्धारित की गई।

### 22 दिसंबर को यहां लगेंगे शिविर

सीईओ जिला पंचायत सुश्री सौम्या आनंद ने बताया कि सुशासन सप्ताह अंतर्गत प्रशासन गांव की ओर अभियान के क्रम में 19 दिसंबर से 25 दिसंबर तक 19 स्थानों पर कलस्टर लेबल शिविर आयोजित किये जा रहे है। इसी क्रम में 22 दिसंबर को पाण्डोला, खिरखिरी, खितरपाल में तथा 23 दिसंबर को रतोदन, गसवानी में शिविर आयोजित किये जायेंगे।

## आज पाली फीडर की बंद रहेगी विद्युत की आपूर्ति

**श्योपुर, 21 दिसंबर।** शहर वितरण केन्द्र अंतर्गत 11 केव्ही लाईनों का पोस्ट मानसून मेंटीनेंस कार्य कराये जाने से 22 दिसंबर को पाली फीडर से सुबह 10 बजे से शाम 04 बजे तक बिजली की सप्लाई बंद रहेगी।

प्रबंधक विधुत वितरण केन्द्र श्योपुर शहर ने बताया कि पाली 33 केव्ही फीडर से विधुत आपूर्ति बंद रहने के चलते गांधीनगर, खरंजा रोड, जयश्री पैलेस, पीली कोठी एवं चंबल कॉलोनी क्षेत्र में विधुत की आपूर्ति बाधित रहेगी।

# दांतरदा कलां, आवदा, वीरपुर में शिविरों का आयोजन

**नवभारत न्यूज**
**श्योपुर, 21 दिसम्बर।** कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट श्री वर्मा के मार्गदर्शन में सुशासन सप्ताह अंतर्गत प्रशासन गांव की ओर अभियान के क्रम में आज श्योपुर विकासखण्ड के ग्राम दांतरदाकलां, कराहल विकासखण्ड के ग्राम आवदा एवं विजयपुर विकासखण्ड के ग्राम वीरपुर में शिविरों का आयोजन कर ग्रामीणों को विभिन्न योजनाओं में लाभ प्रदान किया गया।

जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती गुड्डी बाई के मुख्य आतिथ्य में ग्राम आवदा में सुशासन सप्ताह अंतर्गत



आयोजित शिविर के दौरान श्रीमती द्रोपदी बाई, श्रीमती बंती बाई, श्रीमती कृष्णा आदिवासी, श्रीमती बादाम बाई, श्रीमती सीता आदिवासी एवं श्रीमती कुंती बाई निवासी आवदा, श्रीमती रानी बाई सरजूपुरा को सामाजिक सुरक्षा पेंशन अंतर्गत कल्याणी पेंशन का लाभ प्रदान किया गया। इसके साथ ही श्रीमती मुन्नी पत्नि सीताराम को वृद्धावस्था पेंशन से लाभान्वित किया गया। इस अवसर पर सीईओ जनपद राकेश शर्मा सहित अन्य अधिकारी, कर्मचारी उपस्थित रहें। ग्राम आवदा में आयोजित शिविर में कुल 167 आवेदन प्राप्त हुए, जिनमें से 110 का मौके पर निराकरण किया गया इसी क्रम में ग्राम दांतरदाकलां में आयोजित शिविर के दौरान 30 हितग्राहियों को विभिन्न योजनाओं में लाभ प्रदान करने की कार्यवाही की गई। विजयपुर के वीरपुर में आयोजित शिविर के माध्यम से 64 हितग्राहियों को खाद्यान पर्ची का लाभ प्रदान करने सहित कुल 141 लोगों को विभिन्न योजनाओं में लाभान्वित किया गया। इस दौरान नायब तहसीलदार नरेश रायपुरिया सहित अन्य अधिकारी, कर्मचारी मौजूद रहें। परियोजना अधिकारी एवं अभियान की नोडल श्रीमती राजेश शर्मा ने बताया कि सीईओ जिला पंचायत सुश्री सौम्या आनंद के निर्देशन में आज लगाये गये शिविरों के दौरान कुल 679 आवेदन प्राप्त हुए, जिनमें से 281 आवेदनों का मौके पर ही निराकरण किया गया तथा शेष 398 आवेदनो के निराकरण हेतु समय सीमा निर्धारित की गई।

**21 दिसंबर को यहां लगेंगे शिविर** : सीईओ जिला पंचायत सुश्री सौम्या आनंद ने बताया कि सुशासन सप्ताह अंतर्गत प्रशासन गांव की ओर अभियान के क्रम में 19 दिसंबर से 25 दिसंबर तक 19 स्थानों पर कलस्टर लेबल शिविर आयोजित किये जा रहे है।

# स्मार्ट मीटर को लेकर प्रतियोगिता का आयोजन

**नवभारत न्यूज**
**श्योपुर, 21 दिसम्बर।** राष्ट्रीय ऊर्जा संरक्षण सप्ताह अंतर्गत मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी लिमिटेड वृत श्योपुर द्वारा स्मार्ट मीटर बिजली की बचत और नियंत्रण हुआ आसान विषय पर चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन जिला मुख्यालय के वृत्त कार्यालय परिसर में किया गया।

प्रतियोगिता में शहर के विभिन्न विद्यालयों के 70 छात्र-छात्राओं ने भाग लिया। प्रतियोगिता 02 वर्गों में आयोजित की गयी थी, जिसमें जूनियर वर्ग (कक्षा 3 से 6) में प्रथम पुरस्कार दिव्यांश मीणा (केन्द्रीय विद्यालय श्योपुर) द्वितीय पुरस्कार वर्षा गुर्जर (संदीपनी विद्यालय श्योपुर), तृतीय पुरस्कार आध्या पनिका (केन्द्रीय विद्यालय श्योपुर) ने प्राप्त किया। इसी प्रकार सीनियर वर्ग (कक्षा 7 से 10) में प्रथम पुरस्कार दिव्यांशी शाक्य (केन्द्रीय विद्यालय श्योपुर), द्वितीय पुरस्कार आरोही श्रीवास्तव (केन्द्रीय विद्यालय श्योपुर), तृतीय पुरस्कार अंजली वर्मन (केन्द्रीय विद्यालय श्योपुर) ने प्राप्त किया एवं शेष सभी छात्र-छात्राओं



को सात्वना पुरस्कार के रूप में प्रमाण पत्र वितरित किये गये।

प्रतियोगिता के दौरान राजेश दीक्षित कला शिक्षक (केन्द्रीय विद्यालय श्योपुर), अनुज अर्गल कला शिक्षक (संदीपनी विद्यालय श्योपुर) एवं मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी से उपमहाप्रबंधक प्रतीक कुमार टुंडेलकर ने निर्णायक की भूमिका निभाई। मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी लिमिटेड वृत्त श्योपुर के महाप्रबंधक एल. एन. पटीदार, उप महाप्रबंधक एल.के. पनिका, उप महाप्रबंधक उत्तर संभाग शुभम कुमार, उप महाप्रबंधक मो. आसिफ इकबाल द्वारा पुरस्कार वितरित किये गये।

उक्त कार्यक्रम का संचालन रंजीत सिंह भदौरिया प्रबंधक तथा इकबाल खान कार्यालय सहायक ने किया गया, कार्यक्रम के दौरान जानकारी दी गई कि स्मार्ट मीटर बहुत ही लाभदायक है, यह रियल टाइम डाटा एकत्रित करता है। हर माह रीडिंग लेने आने की जरूरत नहीं, अपने आप ही सटीक रीडिंग होती है और पारदर्शी बिल उपभोक्ताओं को मिलता है। हम सभी को अपने अपने घरों में स्मार्ट मीटर लगवाना चाहिए, यह बहुत फायदेमंद है। स्मार्ट मीटर उपभोक्ताओं को दिन के समय में सुबह 9 बजे से शाम 5 बजे तक कि बिजली की खपत में 20 प्रतिशत की छूट मिल रही है, के बारे में भी जानकारी प्रदान की गई।



## जिला पंचायत सदस्य के लिए 39 हजार 717 वोटर करेंगे मतदान

**श्योपुर, 21 दिसम्बर।** उप जिला निर्वाचन अधिकारी संजय जैन ने बताया कि जिला पंचायत सदस्य के लिए 18 पंचायतों में 67 मतदान केन्द्रों पर निर्वाचन होगा। 29 दिसंबर को होने वाले मतदान में जिला पंचायत सदस्य के लिए कुल 39 हजार 717 वोटर्स अपना वोट डालेगे, इसमें पुरूष मतदाताओं की संख्या 20 हजार 480 तथा महिला मतदाताओं की संख्या 19 हजार 237 है। इसी प्रकार नागदा पंचायत में सरपंच पद पर निर्वाचन के लिए तीन मतदान केन्द्र बनाये गये है, यहां कुल 1892 मतदाता अपना वोट डालेगे, पुरूष वोटर्स की संख्या 961 तथा महिला वोटर्स की संख्या 931 है। विजयपुर विकासखण्ड की बैचाई पंचायत में दो मतदान केन्द्रों पर सरपंच पद के लिए कुल 1022 मतदाताओं द्वारा मतदान किया जायेगा, जिसमें 567 पुरूष एवं 455 महिला मतदाता शामिल है। मतदान 29 दिसंबर को सुबह 7 बजे से अपरान्ह 3 बजे तक होगा। जिला पंचायत सदस्य एवं सरपंच पद के लिए मतो की गणना विकासखण्ड मुख्यालय पर 02 जनवरी 2026 को प्रातः 08 बजे से होगी।